भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.3788
उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2019

ओडिशा में टेलीफोन टावर

3788. श्रीमती प्रमिला बिसाईः
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा राज्य के आंतरिक क्षेत्रों में टेलीफोन टावर लगाने की काफी मांग है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;
(ख) इन क्षेत्रों में संपर्कता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) सरकार द्वारा ओडिशा में शारदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और असका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) आज की तिथि के अनुसार ओडिशा राज्य में लैण्डलाइन और मोबाइल कनेक्शन की संख्या कितनी है?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और दूरसंचार विभाग (डीओटी) की क्षेत्रीय यूनिटों से वर्ष 2019 में संगृहीत डाटा के अनुसार, यह अनुमान है कि ओड़िशा में 6549 आबादी वाले गांवों (जनसंख्या 2011 के आंकड़ों के अनुसार) में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा ऐसे गांवों में चरणबद्ध तरीके से मोबाइल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

(ख) और (ग) वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) चरण-।। परियोजना के तहत, सरकार ने ओड़िशा में मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 158 टावरों की संस्थापना का अनुमोदन किया है। तथापि, एलडब्ल्यूई चरण-। परियोजना के अधीन, ओड़िशा में 256 मोबाइल टावरों की संस्थापना पहले ही की जा चुकी है। इन 256 मोबाइल टावरों में से, गंजम जिले में 22 टावरों की संस्थापना की गई थी। इसके अलावा, बीएसएनएल की शारदा विधान सभा क्षेत्र में 2 बीटीएस और असका संसदीय क्षेत्र में 3 बीटीएस संस्थापित करने की योजना है। यूएसओएफ भारतनेट परियोजना के अंतर्गत, 6793 ग्राम पंचायतों (जीपी) को 100 एमबीपीएस तक ब्राडबैंड कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। इस परियोजना का कार्यान्वयन दो चरणों में किया जा रहा है जिसके तहत चरण-। में 3810 ग्राम पंचायतों और चरण-।। में 2983 ग्राम पंचायतों को कवर किया जाएगा। चरण-। के तहत 3810 ग्राम पंचयतों में से, 3538 ग्राम पंचायतों में कार्य पूरा हो गया है।

(घ) ओड़िशा में आज की तिथि के अनुसार 2,25,425 लैंडलाइन कनेक्शन और 3,65,91,666 मोबाइल कनेक्शन कार्यरत हैं।

*****